देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 173 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...सच हुईं आशंकाएं



देहरादून, शनिवार, 10 अक्टूबर 2020

# पेज थ्री

PAGE 3 PUBLICATION



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 21.0°

37244.59

2 भारत-रूस की दशकों पुरानी अटूट दोस्ती

7 गावसकर के छोटे कद को लेकर मजाक

## संक्षिप्त समाचार

### मंदिर की जमीन के विवाद में पुजारी को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जयपुर। राजस्थान में करौली जिले के बूकना गांव में मंदिर की जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में पुजारी को पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया गया। पुजारी की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पुजारी पर पेट्रोल डालने के मुख्य आरोपित कैलाश मीणा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक मृदुल कछवा ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### ताइवान को भारत है पसंद, चीन से कहा, भाड़ में जाओ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ताइपे। भारत के साथ पूर्वी सीमा पर तनाव में उलझा चीन ताइवान पर लंबे वक्त से दावा ठोंकता रहा है। बावजूद इसके भारत ताइवान के साथ दोस्ताना संबंध रखता है। दरअसल, 10 अक्टूबर यानी शनिवार को ताइवान का नैशनल डे है जिसके जश्न में शामिल होने के लिए भारतीयों को शुक्रिया कहते हुए ताइवान के विदेश मंत्रालय ने एक बार फिर चीन को इशारा किया है- भाड़ में जाओ। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को ट्वीट किया- भारत से कई दोस्त दोस्त ताइवान नैशनल डे के जश्न में शामिल होने के लिए तैयार हैं।

### भारत और इजरायल का कमाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और इजरायल मिलकर कोरोना वायरस की चुटकियों में टेस्ट की एक गेमचेंजर टेक्नॉलजी को करीब-करीब तैयार कर चुके हैं। रैपिड टेस्टिंग रिसर्च अब फाइनल स्टेज में हैं और कुछ दिनों में ही यह पूरी तरह तैयार हो जाएगी। इससे एक मिनट से भी कम समय में टेस्ट का रिजस्ट सामने आ जाएगा। भारत में इजरायल के राजदूत रॉन माल्का ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आने वाले वक्त में भारत और इजरायल के बीच तालमेल के लिए हेल्थकेयर एक अहम क्षेत्र होगा।

# दुश्मन सावधान, 'रूद्रम' तैयार

## सुखोई लड़ाकू विमान से किया गया एंटी-रेडिएशन मिसाइल रूद्रम का सफल परीक्षण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत के मिसाइल जखीरे में और इजाफा हो गया है। शुक्रवार को देश में एंटी-रेडिएशन मिसाइल रूद्रम का सफल परीक्षण किया गया है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास परिषद द्वारा इस मिसाइल को विकसित किया गया है। आज लड़ाकू विमान सुखोई-30 से पूर्वी तट पर मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया।

कुछ दिन पहले बालेश्वर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन और रूस के वैज्ञानिकों के प्रयास से तौयार जमीन से जमीन पर मार करने वाले क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस का परीक्षण किया गया था। यह प्रक्षेपास्त्र 8.4 मीटर लंबा तथा 0.6 मीटर चौड़ा है और इसका भार 3000 किलोग्राम है। इस में मिसाइल 300 किलोग्राम वजन तक विस्फोटक ढोने तथा 300

### सुखोई-30 फाइटर जेट से छोड़ी गई मिसाइल, ठीक निशाने पर जा लगी

किलोमीटर से 500 किलोमीटर तक वार करने की क्षमता है। इसे पानी जहाज हवाई जहाज जमीन एवं मोबाइल लांचर से छोड़ा जा सकता है। इसका प्रक्षेपण पनडुब्बी हवाई जहाज और जमीन आधारित मोबाइल ऑटोनॉमस लांचर से भी किया जा सकता है।

इसके अलावा पिछले साल दिसंबर महीने में भी रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने ओडिशा के चांदीपुर से दो ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया था। इन ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों को जमीन और हवाई प्लेटफार्म से सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था।

### रक्षा मंत्री ने दी बधाई



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट करके डीआरडीओ को मिसाइल के सफल परीक्षण के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा, न्यू जनरेशन एंटी-रेडिएशन मिसाइल (रुद्रम -1) पहली स्वदेशी एंटी-रेडिएशन मिसाइल है, जिसे डीआरडीओ ने विकसित किया है। भारतीय वायुसेना के लिए तैयार मिसाइल का आइटीआर, बालासोर पर सफल परीक्षण किया गया। इस उपलब्धि के लिए डीआरडीओ और अन्य हिस्सेदारों को बधाई।

**देश में बनी अपनी तरह की पहली मिसाइल:** बेड़े में शामिल होने के बाद वायुसेना के बाद अपनी तरह की यह पहली मिसाइल होगी। नई पीढ़ी की ऐंटी-रेडिएशन मिसाइल की रेंज 100 से 150 किलोमीटर के बीच है। यह डीआरडीओ की बनाई पहली जमीन से हवा में मार बने वाली मिसाइल है। DRDO ने इससे पहले रूस के साथ मिलकर इसी कैटेगरी में ब्रह्मोस जैसी सुपरसोनिक मिसाइल बनाई है। छळ।त्ड का वजन 140 किलो होता है और इसमें सॉलिट रॉकेट मोटर लगा है। फिलहाल इसे सुखोई Su&30MKI के साथ टेस्ट किया जा रहा है। मगर आगे इसे मिराज 2000, जगुआर, एचएएल तेजस और एचएएल तेजस मार्क 2 के साथ भी जोड़ा जा सकता है।

इससे पहले पिछले महीने स्वदेश में तैयार की गई परमाणु क्षमता वाली पृथ्वी-2 मिसाइल का भी सफल परीक्षण किया था।

### लगातार हो रहे टेस्ट

चीन के साथ तनाव के बीच लाइन ऑफ एक्च्युअल कंट्रोल पर तनाव के बीच भारत लगातार मिसाइलों के टेस्ष्ट कर रहा है। अप्रैल-मई के बाद से भारत ने चार मिसाइलों के टेस्ष्ट किया है। इनमें से एक शनिर्भयश मिसाइल को एलएएसी पर तैनात किया गया है।

# देश में कोरोना पर आ रही लगातार गुड न्यूज

## एक महीने 9 लाख तक घटे ऐक्टिव केस, 59 लाख लोग ठीक हुए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में एक दिन में कोविड-19 के 70,496 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 69 लाख से अधिक हो गई। पिछले एक महीने में देश में ऐक्टिव केसों की संख्या में 9 लाख की कमी आई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय आंकड़ों के अनुसार देश में कोविड-19 के कुल मामलों की संख्या 69,06,151 हो गई है जबकि 59 लाख इस जानलेवा बीमारी से ठीक हो चुके हैं।

**कोविड-19 से घट गया मृत्युदर**

कोविड-19 से मृत्यु दर 1.54 प्रतिशत है। भारत में कोविड-19 के मामले सात अगस्त को 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख, पांच सितंबर को 40 लाख, 16 सितंबर को 50 लाख और 28 सितम्बर को 60 लाख के पार चले गए थे। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (प्ब्डत) के अनुसार देश में आठ अक्टूबर तक कोविड-19 के 8,46,34,680 नमूनों की जांच की गई, जिनमें से 11,68,705 नमूनों की जांच गुरुवार को की गई।

**पिछले 24 घंटे में महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा मौतें:** आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में जिन 964 लोगों की मौत हुई, उनमें से सबसे अधिक 358 लोग महाराष्ट्र के थे। इनके अलावा कर्नाटक के 101, तमिलनाडु के 68 , पश्चिम बंगाल के 63 , उत्तर प्रदेश के 45 , आंध्र प्रदेश के 42 और दिल्ली के 37 लोग थे। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में कोरोना वायरस के कारण सबसे अधिक 39,430 मौतें महाराष्ट्र में हुई हैं इनके अलावा तमिलनाडु के 10,052, कर्नाटक के 9,675, उत्तर प्रदेश के 6,245, आंध्र प्रदेश के 6,128, दिल्ली के 5,653, पश्चिम बंगाल के 5,439, पंजाब के 3,741 और गुजरात के 3,538 लोग थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि संक्रमण से मरने वालों में से 70 प्रतिशत से अधिक मरीज दूसरी बीमारियों से भी पीड़ित थे।

### पिछले 24 घंटे में 70 हजार से ज्यादा केस

पिछले 24 घंटे में देश में 70,496 कोरोना के नए मामले सामने आए हैं जबकि 964 लोगों की मौत हुई है। जानलेवा कोरोना के कारण अबतक देश में 1,06,490 की जान गई है। आंकड़ों के अनुसार देश में संक्रमण से स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 59,06,069 हो गई है। इससे संक्रमण मुक्त होने वाले लोगों की दर बढ़कर 85.52 प्रतिशत पर पहुंच गई है। फिलहाल देश में 8,93,592 लोगों का कोरोना वायरस का इलाज जारी है, जो कुल मामलों का 12.94 प्रतिशत है।

# केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान का निधन, देश में झुका राष्ट्रवज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना/दिल्ली। बिहार में चुनावी सरगर्मी के बीच लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक व केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री रामविलास पासवान नहीं रहे। उनके दिल व किडनी ने ठीक से काम करना बंद कर दिया था। इस वजह से कुछ दिनों से उन्हें आइसीयू में एक्मो (एक्सट्रोकॉरपोरियल मेमब्रेंस ऑक्सीजनेशन) मशीन के सपोर्ट पर रखा गया था।

गुरुवार की शाम 6:05 बजे उन्होंने दिल्ली के फोर्टिस अस्पताल में अंतिम सांस ली। वे 74 वर्ष के थे। उनके निधन पर पूरे देश में शोक की लहर है। देश में राष्ट्रवज आधा झुका दिया गया है। उनके दिल्ली निवास पर श्रद्धांजलि देने वाले आ रहे हैं। श्रद्धांजलि देने वालों में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित केंद्रीय कैबिनेट के मंत्रीगण शामिल रहे।

शुक्रवार को उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए केंद्रीय कैबिनेट की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक हुई। अब कुछ देर बाद रामविलास पासवान का पार्थिव शरीर वायुसेना के विशेष विमान से पटना लाया जाएगा। पटना के दीघा घाट पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार शनिवार को होगा, जिसमें केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप में मंत्री रविशंकर प्रसाद मौजूद रहेंगे।

राम विलास पासवान के निधन के बाद देश में शोक का माहौल है। उनके निधन के बाद शोक में राष्ट्रपति भवन सहित पूरे देश में राष्ट्रवज झुका दिया गया है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस की महासचिव प्रियंका वाड्रा, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित पक्ष-विपक्ष के कई वरिष्ठ नेताओं व केंद्रीय मंत्रियों ने ट्वीट कर उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

### श्रद्धांजलि

■राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री मोदी ने दी श्रद्धांजलि


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development: All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding: 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation: A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.

Contact: Gadoli Media Ventures

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in


# वर्ल्ड फूड प्रोग्राम को दिया गया नोबेल का शांति पुरस्कार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इस साल का नोबेल शांति पुरुस्कार वर्ल्ड फूड प्रोग्राम को दिया गया है। इस संस्था को नोबेल शांति पुरुस्कार इसलिए दिया गया क्योंकि इस इस संस्था ने भूख के खिलाफ एक बड़ी जंग लड़ी। विश्व खाद्य कार्यक्रम भुखमरी मिटाने और खाद्य सुरक्षा पर केन्द्रित संयुक्त राष्ट्र एजेंसी है। विश्व भर में आपातस्थितियों में इसका काम यह देखना है कि जरूरतमंदों तक खाद्य सामग्री पहुंचे। विशेषकर गृह युद्ध और प्राकृतिक आपदाओं में।

### संस्था ने भूख के खिलाफ एक बड़ी जंग लड़ी

भारत में विश्व खाद्य कार्यक्रम अब सीधे खाद्य सहायता प्रदान करने के बजाय भारत सरकार को तकनीकी सहायता और क्षमता निर्माण सेवाएं प्रदान करता है।





विश्व खाद्य कार्यक्रम अब इस बात पर ध्यान दे रहा है कि देश के भोजन आधारित सामाजिक सुरक्षा कवच को इतना सक्षम कर दिया जाए कि वह लक्षित जनसंख्या तक भोजन को अधिक कुशलता और असरदार ढंग से पहुंचा सके।